सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6129	31.03.2021	31.03.2021	Haridwar Uttarakhand	Amar Ujala Hindi Newspaper 31st March, 2021/Page No. 01
Title:	**32 devotees found Covid-19 positive in Haridwar, Uttarakhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Haridwar, SSU-Uttarakhand			

महाकुंभ के आयोजन से ठीक पहले हरिपुर कलां स्थित एक आश्रम में 32 कोरोना संक्रमित श्रद्धालु मिलने से हरिद्वार में हड़कंप मच गया। मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने आश्रम को सील कर दिया है। संक्रमितों में आश्रम के कर्मचारी, विद्यार्थी और वृद्ध शामिल हैं। आशंका जताई जा रही है कि किसी श्रद्धालु के संपर्क में आने से सभी लोग संक्रमित हुए। फिलहाल संक्रमितों को आश्रम के विद्यालय में आइसोलेट किया गया है।

हरिद्वार में एक अप्रैल से महाकुंभ मेला शुरू होने जा रहा है। लेकिन कुंभ क्षेत्र में आठ महीने बाद एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने बड़ी दस्तक दी है। बीते साल जुलाई और अगस्त माह में औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल में कई फैक्टरियों में बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित मिले थे। एक नामी कंपनी में तो 250 से अधिक कोरोना संक्रमित मिले थे। अब महाकुंभ से ठीक पहले इतनी बड़ी संख्या में संक्रमित मिलने से मेला प्रशासन, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग भी सकते में हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

हालांकि फिलहाल आश्रम को सील कर दिया है। वहीं आश्रम के अन्य कर्मचारियों की आरटीपीसीआर कोविड जांच की जा रही है। सीएमओ डा. एसके झा ने बताया कि देहरादून प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर संक्रमण नियंत्रण के लिए कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों को चिन्हित कर सूची तैयार कर रहा है। अगर संपर्क में आए लोगों में हरिद्वार के निवासी भी शामिल होंगे तो उनकी आरटीपीसीआर कोविड जांच की जाएगी।

स्थानीय स्तर पर टीकाकरण केंद्र बनाने की मांग

हरिपुर कलां की ग्राम प्रधान गीतांजलि जखमोला ने बताया कि उनके ग्राम सभा क्षेत्र में श्रद्धालुओं को आगमन अधिक रहता है। इसलिए यहां कोविड संक्रमण के फैलने का खतरा सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद क्षेत्र में कोविड टीकाकरण केंद्र नहीं बनाया गया है। वृद्ध लोगों को टीकाकरण के लिए रायवाला के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि उन्होंने जिला प्रशासन को ग्राम सभा में कोविड टीकाकरण बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा है।